के बाद सरकारी कर्मचारियों से खाली करा लिए हैं तथा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अधिकारी, कनिष्ठ अभियन्ता तथा अन्य कर्मचारियों ने उन मकानों को अनधिकृत रूप से रिक्शा चालकों, दुकानदारों तथा दूसरे व्यक्तियों को किराये पर दे दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस मामले में सर्तकता विभाग के माध्यम से कोई जांच पड़ताल करा कर अनधिकृत रूप से रह रहे लोगों को हटाने का विचार रखती है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) और (ख) : जी हां । काली बाड़ी मार्ग, डी० आई० जैड० क्षेत्र में सरकार ने अधिकतर एक मंजिले क्वार्टरों को खाली करवा लिया है। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के किसी कर्मचारी ने इन क्वार्टरों को किसी को भी किराये पर नहीं दिया है तथा इन क्वार्टरों में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा पानी तथा बिजली के कनैक्शन नहीं दिए गए हैं। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सर्तकता कक्ष ने इस मामले की जांच की है तथा अनधिकृत दखलकारों को हटाने की कार्यवाई की जा रही है।

कालीबाड़ी मार्ग में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सेवा केन्द्र के कर्मचारियों को क्वाटरों का आबंटन

3298. **श्री सूरज प्रसाद** : क्या **शहरी विकास** मंत्री 1 अगस्त, 1986 को राज्य सभा में अतरांकित प्रश्न 1113 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) नई दिल्ली स्थित कालीबाड़ी मार्ग के "जे" ब्लाक में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सेवा केन्द्र में तैनात उन कर्मचारियों के नाम और पदनाम क्या-क्या हैं जिन्हें क्वार्टर आबंटित कर दिए गए है तथा इस सेवा केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है ; और

(ख) सेबा केन्द्र के उन कर्मचारियों के नाम और पदनाम क्या-क्या हैं जिन्हें काली बाड़ी मार्ग के "जे" "के" और "एच" ब्लाकों में क्वार्टर आबंटित कर दिए गए हैं ;

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) नई दिल्ली स्थित काली बाड़ी मार्ग के "जे" ब्लाक, में केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के सेवा केन्द्र में तैनात जिन कर्मचारियों को क्वार्टर आबंटित किए गए हैं, उनके नाम तथा पदनाम निम्नलिखित हैं :—

सर्वश्री

1. महाराज सिंह, कनिष्ठ इंजीनियर
2. ओ. गध्यान, कार्यपालक इंजीनियर
3. मनमोहन, चौकीदार
4. राधे लाल, सहायक पंप आपरेटर
5. एस० के० शर्मा, कनिष्ठ इंजीनियर
6. किशन सिंह, मोटर कार ड्राइवर
7. राम सरूप, प्लम्बर
8. मलखान सिंह, सहायक वायर मैन
9. सतविन्दर सिंह, कनिष्ठ इंजीनियर
10. प्रशान्त शर्मा, कनिष्ठ इंजीनियर
11. जे० पी० त्यागी, सहायक पंप आपरेटर
12. आर० के० खुराना, कनिष्ठ इंजीनियर

सेवा केन्द्र में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या 106 है।

(ख) जे0 के0 तथा एच ब्लाक, काली बाड़ी मार्ग में सेवा केन्द्र के जिन कर्मचारियों को क्वार्टर आबंटित किए गए हैं, उनके नाम तथा पदनाम निम्नलिखित हैं:—

1. श्री कृष्ण कुमार, कनिष्ठ इंजीनियर
2. श्री राजा दुराय, कनिष्ठ इंजीनियर

इसके अतिरिक्त, संपदा निदेशालय द्वारा सामान्य पूल सेवा केन्द्र के कर्मचारियों को आबंटित किए गए दो क्वार्टर निम्नलिखित हैं :—

श्री नन्द कुमार झा, बेलदार तथा श्री गुरु चरण सिंह, वायर मैन।